## एक नजर में

### हाथीमार चाकू के साथ धरा गया युवक

**नागपुर.** तहसील पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान एक युवक को हाथीमार चाकू के साथ गिरफ्तार किया. पकड़ा गया आरोपी गांधीबाग खदान निवासी आरीश खान रशीद खान (40) बताया गया. रात 1 बजे के दौरान पुलिस दस्ता अग्रसेन भवन के पास गश्त कर रहा था. मिर्जा गली में पुलिस को आरीश एम.एच.49-बी.क्यू.5310 पर संदेहास्पद स्थिति में जाता दिखाई दिया. पुलिस ने उसे पकड़कर गाड़ी की तलाशी ली. डिकी में धारदार हथियार बरामद हुआ. पुलिस ने औजार और वाहन जब्त कर आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है.

### 1.46 लाख के माल पर हाथ साफ

**नागपुर.** एमआईडीसी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर 1.46 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने रमाबाई आंबेडकरनगर, जयताला निवासी कविराज प्रेमदास मेश्राम (52) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. कविराज के घर के तल मंजले पर पीओपी सीलिंग का काम चल रहा था. इसीलिए रात 12.30 बजे के दौरान कविराज और उनका परिवार तल मंजले पर ताला लगाकर ऊपर के माले पर सोने चला गया. देर रात चोरों ने ताला और कुंडी तोड़कर भीतर प्रवेश किया. अलमारी से 16,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए. सुबह 9 बजे नींद खुलने पर परिवार को चोरी का पता चला और पुलिस से शिकायत की.

### बैतूल पहुंचेंगे पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह

**बैतूल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया 2 जून को बैतूल पहुंचकर जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठनात्मक बैठक और संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिलेभर के ब्लॉक, उपब्लॉक, नगर, मंडलम अध्यक्षों, जिला समन्वय समिति के सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ एवं विभागों के जिलाध्यक्षों सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे द्वारा जारी सूचना के अनुसार कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। सुबह 11.15 बजे दीप प्रज्वलन के साथ बैठक का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके बाद 11.30 बजे संगठनात्मक संवाद का आयोजन होगा। इस दौरान अजय सिंह राहुल भैया कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को वर्तमान संघर्ष के दौर में जनता से जुड़े रहने, जनता का विश्वास जीतने और कांग्रेस के प्रति भरोसा मजबूत करने के गुर सिखाएंगे। कार्यक्रम में दोपहर 12.30 बजे वरिष्ठ नेताओं के संबोधन होंगे, जबकि दोपहर 1.30 बजे संगत में पंगत सम्मान भोज का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का समापन दोपहर 2.30 बजे होगा।

### ऑनलाइन मीटिंग अटेंड कर संवाद कायम रखें

**बैतूल।** वैश्विक समस्या से निपटने के लिए जहां वरिष्ठ नेतागण आम जनता तक डीजल पेट्रोल ईंधन बचाने के लिए निरंतर अपने-अपने अंदाज में जनता तक संदेश पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं वही इंडियन ऑयल कंपनी के भोपाल डिविजन के मंडल रिटेल प्रमुख लेखराज मीणा ने कहा कि मोदी जी के डीजल बचाओ पेट्रोल बचाओ अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है। डिवीजन के चीफ मैनेजर जीके देशमुख ने कहा कि जब भी ऑनलाइन मीटिंग होती है,

# अपने पुराने जलस्त्रोतो का महत्व समझकर संरक्षित करे : नीरज वशिष्ठ

**पेड़ो लगाकर पानी को रोके - माया नरोलीया**



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,27मई,** गंगा दशहरा के अवसर पर ग्राम पंचायत खेड़िकला मे सामाजिक जनसहयोग से खेड़िपंडेवार मे तालाब का गहरीकरण कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस तालाब का निर्माण जीर्णोद्वार कार्य मे कलेक्टर नीरज वशिष्ठ, राजयसभा सांसद माया सिँह नरोलीया, वाटर हीरो नीरज वानखेड़े, अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, जनपद पंचायत अध्यक्ष लता तुमडाम सी ई ओ जनपद पंचायत विनय प्रकाश ठाकुर ने गाँव बालो के साथ श्रमदान मे हिस्सा लिया । इस मौके पर कन्या पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी । कलेक्टर नीरज वशिष्ठ ने कहा की हम नलकूप खनन कर जमीन का पानी समाप्त करने मे लगे हैँ इससे हमारी आने वाली पीढ़ी के लिये पानी नही बचेगा । इसलिए हमें पुराने कुएँ और जल स्त्रोतो को संरक्षित करना होगा जो हमें 12 महीने पानी देते थे । चाहे वो जाम नदी हो या हमारे गांव के पास से बहने वाला झरना हमें इन्हे सुरक्षित रखकर पानी की समस्या को समाप्त करना चाहिए । उन्होने खेड़िकला के ग्रामीणों की प्रशसा करते हुए कहा कि निस्तारी तालाब का निर्माण कर भूमिगत जल को सुरक्षित करने मे जागरूकता दिखाई। कार्यक्रम मे पहुंची राज्यसभा सांसद माया सिँह नरोलीया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर भाजपा सरकार सजगता के साथ काम कर रही हैँ । एक पेड़ माँ के नाम के साथ गाँवो मे पेड़ लगाकर वर्षा के जल को सुरक्षित रखने मे मध्यप्रदेश ने जागरूकता दिखाई हैँ । पेड़ो से सिर्फ पानी नही रुकता बल्कि वह गर्मी को कम करता हैँ और हमें जीवनदायी ऑक्सीजन देता हैँ । इस मौके पर सी ई ओ विनय प्रकाश ठाकुर ने जनपद पंचायत अंतर्गत जल संवर्धन अभियान मे हुए कार्यों कि जानकारी प्रदान कि द्य वाटर हीरो नीरज वानखेड़े ने जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया । कार्यक्रम मे उपस्थित मप्र जन अभियान परिषद और स्व सहायता समूह कि महिलाओ ने श्रमदान कर तालाब गहरीकरण मे अपनी भूमिका निभाई ।कार्यक्रम के अंत मे सरपंच अरुण कुमरे ने आभार व्यक्त किया । आयोजन मे उपसरपंच धनराज कुमरे, सचिव सुभाष काले, जनपद सदस्य योगिता वानखेड़े और ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे ।

# बंगलुरू स्पेशल ट्रेन में एसी फेल, गोधनी स्टेशन पर यात्रियों का प्रदर्शन

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** रेलवे द्वारा चलाई जा रही स्पेशल ट्रेनों में यात्री सुविधाओं की बदहाली बुधवार को एक बार फिर सामने आई. ट्रेन 03251 दानापुर-बंगलुरू स्पेशल एक्सप्रेस के ए-2 कोच का एयर कंडीशनर अचानक खराब हो गया, जिससे भीषण गर्मी में यात्रियों की हालत खराब हो गई. उमस और गर्मी से परेशान यात्रियों ने गोधनी स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही जमकर हंगामा किया.

**यात्रियों को महसूस होने लगी घूटन**

जानकारी के अनुसार, भीषण गर्मी के बीच अतिरिक्त दबाव के कारण उक्त कोच का एसी अचानक बंद हो गया. ट्रेन इस समय इटारसी से निकली थी. लंबे समय तक ठंडक नहीं मिलने से कोच के अंदर घुटन जैसी स्थिति बन गई. यात्री लगातार रेलवे कर्मचारियों से शिकायत करते रहे, लेकिन तत्काल समाधान नहीं मिलने पर आक्रोश बढ़ गया. कुछ यात्रियों ने ट्रेन रोककर एसी सुधारने की मांग की.

**असहनीय होने के बाद भड़का गुस्सा**

स्टाप ना होने के बावजूद ट्रेन को गोधनी स्टेशन पर रोका गया क्योंकि नागपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली नहीं थे. गोधनी में ट्रेन रुकते ही ए2 कोच के यात्रियों ने स्टेशन पर हंगामा शुरू कर दिया और एसी ठीक होने तक ट्रेन रवाना नहीं होने देने की बात कहने लगे. खबर मिलते ही मंडल रेल प्रबंधन का सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया. कुछ ही देर में कुछ रेल अधिकारी भी गोधनी स्टेशन पहूंचे और यात्रियों को मनाने का प्रयास किया. उन्हें बताया किया गया कि ट्रेन के नागपुर स्टेशन पहुंचते ही समस्या दूर कर दी जायेगी. इसके बाद यात्री शांत हुए और ट्रेन को आगे रवाना किया गया.

**... और मिली राहत**

दोपहर करीब 1.15 बजे ट्रेन नागपुर स्टेशन के प्लेटफार्म 6 पर पहुंची. यहां रेलवे के इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम पहले से मौजूद थी. तकनीकी जांच के बाद एसी सिस्टम को ठीक कर दिया गया. मरम्मत के बाद ट्रेन को निर्धारित समय पर आगे रवाना कर दिया गया. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह आईसीएफ कोच वाली स्पेशल ट्रेन थी. गोधनी स्टेशन पर केरला एक्सप्रेस को प्राथमिकता देने के कारण ट्रेन को रोका गया था. भीषण गर्मी और अतिरिक्त भीड़ के चलते एसी सही तरीके से काम नहीं कर पाया. घटना के बाद स्पेशल ट्रेनों की मेंटेनेंस और यात्री सुविधाओं को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं.

# स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में भारी अनियमितता

**पारदर्शिता का भी अभाव - पार्षद आभा पांडे ने आयुक्त से मांगा 'लाइव स्टेटस रिपोर्ट'**

**नागपुर.** स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों में गंभीर प्रशासनिक भ्रम और पारदर्शिता का अभाव होने का आरोप पार्षद और महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य आभा पांडे ने लगाया. उन्होंने इस मामले में महानगरपालिका के आयुक्त को कड़े शब्दों में पत्र लिखकर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, वेंडर चयन और राज्य सरकार के हालिया निर्णय के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से 'लाइव स्टेटस रिपोर्ट' प्रस्तुत करने की मांग की है.

**वेंडर चयन पर उठे गंभीर सवाल**

पांडे ने आयुक्त को लिखे पत्र में मुख्य रूप से 'वेंडर चयन' और प्रकल्पों के लिए पूरे कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की जानकारी भी प्रस्तुत करने की मांग की. इसी तरह से प्रोजेक्ट का मुद्दा भी उठाया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस प्रोजेक्ट की प्रगति, वित्तीय लेन-देन और नागरिकों को इससे होने वाले लाभों के बारे में कोई भी जानकारी सार्वजनिक स्तर पर उपलब्ध नहीं है जो कि प्रशासन की पारदर्शिता पर बड़े सवाल खड़े करता है.

8 प्रमुख बिंदुओं पर मांगी विस्तृत जानकारी

- वेंडर का नाम और पूरी चयन प्रक्रिया का विवरण
- जारी किए गए वर्क ऑर्डर की प्रति और तारीख
- प्रोजेक्ट के लिए मंजूर निधि, अब तक किया गया कुल खर्च और एजेंसियों को किए गए भुगतान का चरणबद्ध ब्योरा.
- प्रोजेक्ट की अंतिम समयसीमा और वास्तविक प्रगति में अंतर.
- देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी और नागरिकों की शिकायतों पर अब तक की गई कार्रवाई.

**स्मार्ट सिटी कंपनी के हस्तांतरण और शासनादेश की अनदेखी**

पांडे ने महाराष्ट्र शासन के दिनांक 22 अप्रैल 2026 के निर्णय का हवाला देते हुए प्रशासन को घेरा है. शासन के इस निर्णय के अनुसार, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को महानगरपालिका को हस्तांतरित कर स्मार्ट सिटी कंपनी को बंद करने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे. पांडे ने आरोप लगाया है कि सरकार के इस आदेश के बावजूद अभी तक सभी प्रकल्प आधिकारिक तौर पर मनपा को हस्तांतरित नहीं हुए हैं जिससे प्रशासकीय स्तर पर भारी भ्रम की स्थिति है.

# कामठी पुलिस का 3 कतलखानों पर छापा

**- 86 गौवंश की बची जान**

**नागपुर.** बकरी ईद के दौरान बड़े पैमाने पर गौवंश की काटने की जानकारी मिलने पर परिमंडल 6 के डीसीपी संदीप पखाले ने ओल्ड कामठी पुलिस को जानकारी इकट्ठा कर एक साथ सभी स्थानों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए. एसीपी अंकुश खेड़कर और इंस्पेक्टर महेश आंधले के मार्गदर्शन में पुलिस ने जानकारी हासिल कर 3 कतलखानों पर छापा मारा. अलग-अलग इलाकों में एक साथ की गई इस कार्रवाई से कामठी परिसर में हड़कंप मच गया. किसी भी तरह माहौल खराब न हो इसीलिए अधिकारियों ने सब इंस्पेक्टर मीना झाड़े, हेड कांस्टेबल अभय मून और उनकी टीम के साथ एसआरपीएफ की टुकड़ी और दंगा नियंत्रण दल के साथ भेजा. छापेमारी में कुल 86 गौवंश की जान बचाई गई.

मंगलवार रात 8 बजे से पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरु की. सबसे पहले भाजी मंडी के कुरैशई मोहल्ला में चौधरी मस्जिद के पीछे एक खुली जगह पर छापा मारा. इसके बाद फम्मो शेख नामक व्यक्ति के खाली पड़े मकान के कंपाउंड में दबिश दी गई. वहीं तीसरी कार्रवाई पटेल क्लिनिक के सामने एक टीनशेड में बने गोदाम पर की गई. तीनों ही स्थानों पर कसाइयों ने गौवंश को बंधक बना रखा था. उनके चारा और पानी की भी व्यवस्था नहीं थी. सभी मवेशी बेहद बुरी हालत में थे. तीनों जगहों से पुलिस ने कुल 86 गौवंश जब्त कर कामठी के लुंबिनीनगर में स्थित गौ सेवा समिति की गौशाला में भेजे. पुलिस ने जगह और गोदाम के मालिक और उन्हें मदद करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राणी क्रूरता अधिनियम और महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण अधिनियम की विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. -

# भीमपुर में आज विशाल निशुल्क हेल्थ कैंप का होगा आयोजन

**बैतूल।** भीमपुर ब्लॉक में आज 28 मई गुरुवार को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर शहीद भगत सिंह ग्राउंड, पुलिस चौकी के पास लगेगा। आयोजन स्वर्गीय कमला देवी-शांति देवी सेवा समिति बैतूल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विकास दीक्षित, अमित अवस्थी और मनीष दीक्षित का विशेष सहयोग रहेगा। आयोजकों ने बताया कि भोपाल के मल्टी स्पेशलिटी प्रभात श्री हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ग्रामीणों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। शिविर में नसों की जांच, हीमोग्लोबिन टेस्ट, ब्लड शुगर सहित कई जरूरी मेडिकल जांच निशुल्क की जाएंगी। हेल्थ कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। अमित अवस्थी ने बताया कि कैंप में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राम देशमुख, डॉ. वरुण सिंह, बैतूल के डॉ. रमेश बडवे और ईएनटी सर्जन डॉ. जेपी भुज मरीजों की जांच करेंगे। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग, लकवा, निमोनिया, मलेरिया, डेंगू, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, गुर्दा एवं मूत्र रोग, पाइल्स, फिशर, भगंदर, हाइड्रोसील और हड्डी रोगों की जांच व परामर्श दिया जाएगा।

# शांति एवं सदभावना पूर्वक मनाए ईद का त्यौहार

**मुलताई।** नगर के थाना परिसर मे बुधवार को ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे एसडीएम राजीव कहार,सहायक कलेक्टर(आईएएस) पुष्पराज खोट, तहसीलदार डॉ संजय बरैया, टीआई नरेंद्र सिंह परिहार सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक मे ईद की विशेष नमाज़ पर चर्चा हुई, मुस्लिम समाज के लोगो ने बताया नगर की जामा मस्जिद में सुबह 7.30 बजे एवं ईदगाह और नूरानी मस्जिद में 8.30 बजे तथा मरकजी मस्जिद में 8.45 बजे ईदु उल अजहा की विशेष नमाज़ अता की जाएंगी। शांति समिति की बैठक में मुस्लिम समुदाय की ओर से ईदगाह पर पानी का टैंकर, चलित शौचालय, कब्रिस्तान के आसपास एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर पुष्पराज खोट ने कहा कि ईद का पर्व पारंपरिक रूप से आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाया जाए।एसडीएम राजीव कहार ने सभी से नियमों का पालन करते हुए शांति एवं सदभावना पूर्वक ईद मनाने की अपील की। कब्रिस्तान कमेटी अध्यक्ष शेख साजिद मिस्त्री, अल फैज़ वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियो ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मुस्लिम धर्मस्थलों के आस-पास, साफ-सफाई, चूना पट्टी एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था बनाने,मुस्लिम रहवासी क्षेत्रों में उचित समय पर पानी की सप्लाई 10 मिनट अधिक देने ,ईदगाह पहुँच मार्ग मे सफाई एवं सड़क के दोनो ओर चूना पट्टी डालने,ईदगाह के आस-पास सफाई, चलित शौचालय एवं पानी की व्यवस्था करने कब्रस्तान के आस-पास सफाई एवं चूना पट्टी डालने ईद के दिन कब्रस्तान एवं जामा मस्जि़द रोड पर ईद के दिन दोपहर् 12 बजे तक भारी वाहनो का आवागमन परिवर्तित करने एवं जेल मे बंदियों के लिए नमाज की व्यवस्था करने की मांग की।

# कलश यात्रा, जल स्त्रोत पूजन, श्रमदान और संगोष्ठी संपन्न

**बैतूल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के आव्हान पर जिला समन्वयक प्रिया चौधरी के निर्देशन में प्रस्फुटन समिति नसीराबाद एवं नवांकुर सागर ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा ग्राम में जल कलश यात्रा,जल स्रोत पूजन,श्रमदान और जल संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान ब्लॉक समन्वय राजू मांडवे के मार्गदर्शन में ब्लॉक चिचोली में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर किया गया। जिसमें ग्राम नसीराबाद मे कलश यात्रा एवं जल संगोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे द्वारा जल एवं जल स्रोतो के संरक्षण पर चर्चा करते हुए कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है इसे सिर्फ सहेजा जा सकता है और व्यर्थ व्यय नहीं करना ही समाधान है। परामर्शदाता देवेंद्र धोटे द्वारा भी जल संरक्षण को लेकर अपना व्याख्यान दिया गया। जल स्रोत कुएं का पूजन किया गया मेंटर मीनाक्षी वागद्रे देवेंद्र धोटे द्वारा जल कलश यात्रा का संचालन किया गया। शिव मंदिर मे जल अर्पण कर पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मीनाक्षी वागद्रे, महिलाओं सहित ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

# 15 दिवसीय मोल्ड मेकिंग कार्यशाला आयोजित



**बैतूल।** ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को हस्तशिल्प आधारित स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में ग्राम जामठी में 15 दिवसीय पेपरमेशी क्राफ्ट एवं मोल्ड मेकिंग कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। ईशान जन कल्याण सोसायटी भोपाल द्वारा आयोजित तथा एमपी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रायोजन में संचालित इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आधुनिक हस्तशिल्प तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था की स्टेट कोऑर्डिनेटर श्रीमती नीलम शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और महिलाओं को पेपरमेशी कला एवं मोल्ड मेकिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यशाला में भोपाल से आए अनुभवी डिजाइनर देवेंद्र सिंह, जो विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के इंपैनल डिजाइनर हैं, प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# कैनन वर्कशॉप में बैतूल के फोटोग्राफरों ने लिया प्रशिक्षण



**बैतूल।** कैनन कैमरा द्वारा बैतूल में आयोजित लाइटिंग फोटोग्राफी वर्कशॉप में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे फोटोग्राफरों ने आधुनिक फोटोग्राफी तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्कशॉप में पहुंचे प्रशिक्षक नीरज विश्वकर्मा ने प्रतिभागियों को कैमरे की लाइव लाइटिंग फोटोग्राफी, मॉडल फोटोग्राफी और तकनीकी उपयोग की बारीकियों को गहराई से समझाया।
उन्होंने बताया कि सही तकनीक और लाइटिंग के उपयोग से फोटोग्राफी को अधिक प्रभावशाली और पेशेवर बनाया जा सकता है, जिससे फोटोग्राफरों के कार्य में और निखार आएगा। कार्यक्रम में बैतूल पहुंचे नीरज विश्वकर्मा का वरिष्ठ फोटोग्राफर अनिल खवसे, अकिल अहमद, राजेश सूर्यवंशी, चढ़ोकर और श्याम पाठक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान जिले के प्रथम डिप्लोमा होल्डर फोटोग्राफर अनिल खवसे ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि तकनीकी ज्ञान के बिना फोटोग्राफी अधूरी है। उन्होंने सभी फोटोग्राफरों से एकजुट होकर टीम वर्क करने और वर्कशॉप में सीखी गई तकनीकों को अपने कार्य जीवन में अपनाकर नाम कमाने की अपील की। कार्यक्रम में कैनन टीम से आए गौरव और धनंजय का भी वरिष्ठ फोटोग्राफरों द्वारा सम्मान किया गया, वहीं जूनियर फोटोग्राफरों ने वरिष्ठ फोटोग्राफरों का सम्मान कर आपसी सौहार्द और एकता का परिचय दिया।
वर्कशॉप में मॉडल फोटोग्राफी के लिए परी तिवारी और माही जैन ने महाराष्ट्रियन भारतीय दुल्हन परिधान में मॉडल मेकअप प्रस्तुत कर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुति ने प्रतिभागियों को लाइव मॉडल शूटिंग और लाइटिंग तकनीकों को समझने का अवसर दिया।

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी, दो की मौत



**बैतूल।** बैतूल जिले में बैतूल-खंडवा स्टेट हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बारातियों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक 8 वर्षीय बच्चे और एक बुजुर्ग महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार खंडवा जिले के सिंगोट क्षेत्र से दो पिकअप वाहनों में बाराती बैतूल जिले के बगडोना गांव जा रहे थे। इसी दौरान महुपानी गांव के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने की कोशिश में एक पिकअप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। पिकअप सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम लगातार घायलों की निगरानी कर रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने वाहन चालक से पूछताछ के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि सामने से आ रहे वाहन की वजह से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# ब्याज सहित लौटते हैं बुरे कर्म : आचार्य पुष्कर परसाई

**बैतूल।** गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा के प्रारंभ में आचार्य पुष्कर परसाई जी ने अपने मुखारविंद से विश्वकर्मा बढ़ई समाज द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज ने कोरोना काल, निर्धन परिवारों के कन्या विवाह, शिक्षा, चिकित्सा, आपातकालीन सहायता तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने जैसे कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इस स्थल को केवल विश्वकर्मा मंदिर नहीं विश्वकर्मा धाम कहा जाना चाहिए, क्योंकि यहां कल्याण, भक्ति और सेवा का महत्व है तथा यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण होगा। कथा के दौरान आचार्य परसाई ने कहा कि यदि किसी को रूप की आसक्ति हो तो वह भगवान के रूप की हो और यदि श्रवण की आसक्ति हो तो वह भागवत श्रवण की हो। उन्होंने भीष्म पितामह के 54 दिन बाण शैया पर रहने तथा 51 पूर्व जन्मों के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कर्मों का महत्व समझाया। उन्होंने तत्काल कर्म, संचित कर्म और प्रारब्ध कर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि अच्छे कर्म कभी नष्ट नहीं होते, जबकि बुरे कर्म ब्याज सहित वापस भोगने पड़ते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे लाखों गायों में बछड़ा अपनी माता को ढूंढ लेता है, उसी प्रकार मनुष्य के कर्म भी उसे ढूंढ लेते हैं।

# उद्योगों में चला योग और सूर्य नमस्कार अभियान

**बैतूल। संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देश पर जिला आयुष कार्यालय बैतूल द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में योग एसेंशियल एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**नियमित योग से कार्यक्षमता व ऊर्जा बढ़ती है ऊर्जा**

**79 लाभार्थियों ने किया योग अभ्यास**



जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखना रहा। कार्यक्रम के तहत एमपी विनर्स प्राइवेट लिमिटेड कोसमी में 40, टर्बो टायर इंडस्ट्री में 22 और ताप्ती मार्बल एंड फर्नीचर इंडस्ट्री में 17 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस तरह कुल 79 लाभार्थियों ने योग अभ्यास किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र शाक्य, डॉ. पुनीत डोंगरे और डॉ. ज्ञानेश्वर झरबड़े सहित आयुष विभाग के 9 कर्मचारी मौजूद रहे। योग प्रशिक्षक सागर शिवनकर, सतीश कुमार शालू, पारुल पालीवाल, गीता पवार तथा योग सहायक दीनदयाल पवार और तुलसीराम पांडे ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर तनाव मुक्त रहने के लिए योग एसेंशियल के सरल आसन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। डॉ. योगेश चौकीकर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए स्वास्थ्य बेहद महत्वपूर्ण है और नियमित योग से कार्यक्षमता व ऊर्जा बढ़ाई जा सकती है।